हिम्मत ना हार | By Sunil Sarvottam

हिम्मत ना हार शिव बाबा पुकार
तेरी हर मुश्किल का हल होगा
हिम्मत ना हार शिव बाबा पुकार
तेरा हर एक काम सफल होगा
हिम्मत ना हार.....

शिव बाबा के द्वारे आये जो गम के मारे
दर्शन करके बाबा के हो जाए वारे न्यारे
सच्चे मन से जो भी बाबा का नाम पुकारे
उन बच्चो के बाबा भी सारे ही काज सँवारे
और खूब भरे भंडारे
होगा उद्धार शिव बाबा के द्वार
तेरा हर एक काम सफल होगा
तेरी हर मुश्किल का हल होगा
हिम्मत ना हार.....

शिव की शरण में आके सब रोग दोष कट जाएँ
तूफ़ान सभी हट जाएँ, गम के बदल छंट जाए
बाबा की किरपा से कोई चिंता नहीं सताये
बाबा की किरपा से तो दु:ख दर्द सभी मिट जाएँ
दु:ख दर्द सभी मिट जाएँ.....
शिव है पिता कर देंगे उद्धार
तेरा हर एक काम सफल होगा
तेरी हर मुश्किल का हल होगा
हिम्मत ना हार.....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%ae%e0%a4%a4-%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-sunil-sarvottam/